**आरोप** ▶ कर्मचारियों और ड्राइवरों ने किया चकाजाम, 12 घंटे का दिया अल्टीमेटम

# जय अम्बे प्राइवेट लिमि. पर शोषण का आरोप

**अनूपपुर, नवभारत 25 अगस्त। रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में कार्यरत जय अम्बे प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों और वाहन चालकों में विभिन्न समस्याओं को लेकर नाराजगी सामने आई है। कर्मचारियों के कथित शोषण, भुगतान में देरी और अन्य मांगों को लेकर गुस्साए ड्राइवरों ने चकाजाम कर विरोध प्रदर्शन किया।**



प्रदर्शनकारियों ने कंपनी प्रबंधन को 12 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की है। चकाजाम के दौरान वाहन चालकों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को लंबे समय से प्रबंधन के सामने रखा जा रहा है, लेकिन अब तक अपेक्षित समाधान नहीं हुआ।

## काम के अनुरूप उचित भुगतान नहीं किया

ड्राइवरों का आरोप है कि काम के अनुरूप उचित भुगतान, समय पर मजदूरी और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में लापरवाही बरती जा रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे लगातार अपनी मांगों को कंपनी प्रबंधन तक पहुंचाते रहे हैं। इसके बावजूद जब समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो मजबूर होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

## शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाते रहेंगे

ड्राइवरों ने कहा कि मेहनत के अनुरूप भुगतान और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां हमारा अधिकार हैं। आंदोलन कर रहे ड्राइवरों ने कंपनी प्रबंधन को 12 घंटे का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाते रहेंगे।

## मांगों के समाधान का दिया जाए लिखित आश्वासन

चकाजाम के कारण परियोजना क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और कामकाज पर भी असर पड़ने की स्थिति बनी। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि कंपनी प्रबंधन मौके पर पहुंचकर उनकी समस्याएं सुने और मांगों के समाधान का लिखित आश्वासन दे।

### समस्याओं का समय पर समाधान जरूरी

स्थानीय लोगों का कहना है कि बड़े प्रोजेक्ट में स्थानीय कर्मचारियों और वाहन चालकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में उनके भुगतान और कार्य परिस्थितियों से जुड़ी समस्याओं का समय पर समाधान किया जाना जरूरी है। वहीं, कर्मचारियों और ड्राइवरों द्वारा लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। कंपनी प्रबंधन की ओर से भी मामले में आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# सिवनी की जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान

## जल्द सुधार की मांग, दी चकाजाम की चेतावनी

**अनूपपुर, नवभारत 25 अगस्त।** जैतहरी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में बदहाल और कीचड़युक्त सड़क से परेशान ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा।

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भवन परिसर में शांतिपूर्ण धरना और महापंचायत आयोजित कर सड़क निर्माण की मांग उठाई। स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत सिवनी के वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 के ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से मुख्य मार्ग की जर्जर हालत से परेशान हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ होने के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है।



### आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

ग्रामीणों के अनुसार बदहाल सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और स्कूली बच्चे भी चोटिल हो रहे हैं। वहीं आपात स्थिति में गांव तक एंबुलेंस पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन और शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी के चलते ग्रामीणों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है।

# रक्षाबंधन पर जेल में होगी खुली मुलाकात

**बहनें अपने भाइयों को बांध सकेंगी राखी**




**अनूपपुर, नवभारत 25 अगस्त।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर जिला जेल अनूपपुर में बंदियों और उनके परिजनों के बीच खुली मुलाकात की व्यवस्था की गई है। जेल प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 28 अगस्त को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक भाई-बहन आपस में मुलाकात कर रक्षाबंधन पर्व मना सकेंगे।

जिला जेल के उप जेल अधीक्षक इन्द्रदेव तिवारी ने बताया कि मुलाकात के लिए आने वाले परिजनों के नाम सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक दर्ज किए जाएंगे। निर्धारित समय के बाद मुलाकात के लिए किसी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बहनों एवं अन्य परिजनों को किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री साथ नहीं लाने की अपील की गई है।

### बाहरी सामग्री को जेल परिसर में ले जाने की अनुमति नहीं

रक्षाबंधन के लिए आवश्यक सामग्री जेल कैंटीन से निर्धारित राशि का भुगतान कर प्राप्त की जा सकेगी। इसमें राखी, अधिकतम 250 ग्राम मिठाई, कुमकुम, फल और रुमाल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त किसी अन्य बाहरी सामग्री को जेल परिसर में ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उप जेल अधीक्षक इन्द्रदेव तिवारी ने मुलाकात के दौरान जेल प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न नहीं करने की अपील की है।

## आपसी मेलजोल के साथ त्यौहार मनाने की अपील

**बिजुरी, नवभारत 25 अगस्त।** आगामी त्योहारों को आपसी सद्भाव, भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर बिजुरी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह ने कानून-व्यवस्था और त्यौहारों के दौरान शांति बनाए रखने को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधिकारियों, नगर पालिका एवं विद्युत विभाग के प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रक्षाबंधन, ईद मिलादुन्नबी और जन्माष्टमी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात तथा आवश्यक नागरिक सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

# आंगनवाड़ी भर्ती में धांधली, मनरेगा में गबन का आरोप

**अनूपपुर, नवभारत 25 अगस्त।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आंगनवाड़ी सहायिका की भर्ती में कथित अनियमितता और ग्राम पंचायत गोहन्द्रा में मनरेगा कार्यों के नाम पर शासकीय राशि के कथित दुरुपयोग से संबंधित गंभीर शिकायतें सामने आईं।

कलेक्टर रत्नाकर झा ने जनसुनवाई में 66 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का परीक्षण कर नियमानुसार त्वरित एवं निराकरण के निर्देश दिए। पुष्पराजगढ़ तहसील के ग्राम बकान निवासी तिहरिया देवी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों पर आंगनवाड़ी सहायिका की भर्ती में अनियमितता का आरोप लगाया।




**कलेक्टर की जनसुनवाई में 66 आवेदकों ने रखीं समस्याएं**

## अधिकारी बना रहे दबाव

शिकायत के अनुसार, ग्राम बकान के ऊपर टोला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में सहायिका पद की अंतिम चयन मेरिट सूची में उनका नाम प्रथम स्थान पर था। इसके बावजूद चौथी रैंक की आवेदिका सुनीता देवी यादव के पक्ष में नियुक्ति प्रतिवेदन तैयार किए जाने का आरोप लगाया गया है।

तिहरिया देवी का आरोप है कि नियुक्ति संबंधी प्रतिवेदन उनसे छिपाया जा रहा है तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उन पर सहमति देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

### मनरेगा कार्यों में 1.16 लाख रुपये की अनियमितता

दूसरी शिकायत तहसील एवं जनपद पंचायत कोतमा की ग्राम पंचायत गोहन्द्रा से सामने आई। यहां के ग्रामीण मनोज कुमार बर्मन, हीरालाल केवट, रज्जू ढीमर, शिवकुमार बर्मन सहित अन्य लोगों ने मनरेगा कार्यों में 1.16 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने मनरेगा पोर्टल के सामग्री रजिस्टर का हवाला देते हुए शिकायत की कि कुछ कार्यों को धरातल पर कराए बिना ही शासकीय राशि का आहरण किया गया।

## एक नजर में

### सामाजिक समरसता सावन उत्सव 27 को

**राजनगर, नवभारत।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) द्वारा महिलाओं के पवित्र सावन माह को ध्यान में रखते हुए सामाजिक समरसता के उद्देश्य से सावन उत्सव 2026 का भव्य आयोजन 27 अगस्त को किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद क्षेत्र की महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के अध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, समस्त वार्ड पार्षदों, एल्डरमैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखन लाल पनिका के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम मधुबन क्लब, राजनगर में दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। यह आयोजन विशेष रूप से नगर परिषद क्षेत्र की महिलाओं के लिए रखा गया है। इसमें वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक की महिलाएं हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम के दौरान सावन सुंदरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रतिभागियों का परिचय कराया जाएगा। सावन उत्सव में महिलाओं द्वारा सावन गीत एवं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### 150 लीटर अवैध पेट्रोल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जैतहरी पुलिस ने अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोल का परिवहन एवं विक्रय करने के उद्देश्य से ले जा रहे एक आरोपी लीलाधर राठौर पिता तुलाराम राठौर उम्र 35 वर्ष निवासी आदर्श ग्राम शिवनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 150 लीटर पेट्रोल और एक मोटरसाईकिल को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में अवैध रूप से पेट्रोल लोड कर विक्रय के लिए ग्राम छातापटपर की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने छातापटपर तिराहा रोड पर वाहनों की चेकिंग शुरू की। इसी दौरान बाइक क्रमांक एमपी 65 एम 0204 पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। मोटरसाइकिल पर तीन बड़े झोले टंगे हुए थे। पुलिस ने साक्षियों की मौजूदगी में झोलों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक डिब्बे में 60 लीटर, दूसरे में 40 लीटर तथा दो अन्य डिब्बों में 25-25 लीटर पेट्रोल मिला।

# यूकेलिप्टस एवं अन्य विदेशी प्रजातियों के पौधरोपण पर लगाया गया प्रतिबंध



**अनूपपुर, नवभारत 25 अगस्त।** जिले में स्थानीय प्रजातियों के पौधों के संरक्षण, संवर्धन और पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए यूकेलिप्टस एवं अन्य विदेशी प्रजातियों के वृक्षारोपण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रत्नाकर झा ने वन मंडल अनूपपुर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया।

आदेश के अनुसार जिले के सभी शासकीय संस्थानों एवं शासकीय भूमियों पर यूकेलिप्टस तथा अन्य विदेशी प्रजातियों के पौधों का रोपण नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल आरईटी प्रजातियों तथा ग्रामीण समुदाय के उपयोग में आने वाली स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा।

# बमलेश्वर धाम तक निकली कांवड़ यात्रा



**हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजा मार्ग**

**अनूपपुर, नवभारत 25 अगस्त।** सावन माह की पावन बेला में नर्मदांचल वीर शिवाजी युवा संगठन एवं हीरा सिंह श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में 24 अगस्त को अमरकंटक से बामनगढ़ स्थित बमलेश्वर धाम तक कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पूरे यात्रा मार्ग में हर-हर महादेव, बोल बम और जय मां नर्मदा के जयघोष गूंजते रहे। कावड़ यात्रियों ने अमरकंटक स्थित मां नर्मदा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद मां नर्मदा का पवित्र जल कांवड़ में लेकर बामनगढ़ बमलेश्वर धाम के लिए यात्रा का शुभारंभ किया गया। भगवा ध्वजों और धार्मिक जयघोष के साथ आगे बढ़ती कावड़ यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

### विधि-विधान से किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर जलपान और विश्राम की व्यवस्था की गई। कांवड़ यात्री निर्धारित मार्ग से होते हुए पोड़की पहुंचे, जहां उनके लिए जलपान की व्यवस्था की गई। शाम को कांवड़ यात्रा बामनगढ़ स्थित बमलेश्वर धाम पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने अमरकंटक से कांवड़ में लाए गए मां नर्मदा के पवित्र जल से भगवान बमलेश्वर महादेव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की।

# रेल पटरी किनारे मिला अज्ञात महिला का शव

**ट्रेन से गिरने की आशंका**



**अनूपपुर, नवभारत 25 अगस्त।** कटनी-बिलासपुर रेल खंड पर वेंकटनगर-निगौरा स्टेशन के बीच मंगलवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ट्रैक की जांच के दौरान ट्रैकमैन ने अप लाइन के किनारे शव पड़ा देखा। उसने तत्काल वेंकटनगर स्टेशन मास्टर और पुलिस को सूचना दी। प्रथम दृष्टया महिला के चलती ट्रेन से गिरने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही वेंकटनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का निरीक्षण किया। पुलिस को मृतका के पास मिले बैग से 3800 रुपये नकद, कपड़े और नाश्ते का सामान मिला है। हालांकि बैग में कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं मिला, जिसके कारण महिला की पहचान नहीं हो सकी।


### पुलिस जांच में जुटी

वेंकटनगर चौकी प्रभारी प्रवीण साहू के अनुसार, घटना मंगलवार सुबह करीब 3 से 7 बजे के बीच होने की आशंका है। प्रारंभिक जांच में अंदेशा है कि महिला चलती ट्रेन के गेट के पास बैठी रही होगी और नींद की झपकी या ट्रेन के अचानक झटके के कारण नीचे गिर गई होगी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया है।

# आरक्षण के वास्तविक हकदारों तक पहुंचे लाभ

**जंतर-मंतर आंदोलन के समर्थन में उतरी भगवा पार्टी**

**अनूपपुर नवभारत 25 अगस्त।** भारतीय गणवार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) के जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल मिश्रा ने आरक्षण व्यवस्था को लेकर कहा है कि सवर्ण समाज किसी गरीब, दलित, आदिवासी, ओबीसी, पिछड़े अथवा अतिपिछड़े वर्ग का आरक्षण समाप्त करने की मांग नहीं कर रहा है। उन्होंने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आरक्षण को लेकर चल रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि आरक्षण का लाभ समाज के वास्तविक जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक पहुंचना चाहिए।



कन्हैया लाल मिश्रा ने कहा कि आरक्षण गरीब और वंचित वर्ग के उत्थान का माध्यम है, लेकिन इसका लाभ उन परिवारों तक भी पहुंचना चाहिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और वर्तमान व्यवस्था में अपेक्षित लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सभी आरक्षित वर्गों में क्रीमी लेयर की प्रभावी व्यवस्था लागू किए जाने की पक्षधर है।

### संपन्न और वास्तविक जरूरतमंदों के बीच अंतर समझना जरुरी

उन्होंने कहा कि जिन-जिन जातियों और वर्गों को आरक्षण का लाभ मिल रहा है, उनमें आर्थिक रूप से संपन्न लोगों और वास्तविक जरूरतमंदों के बीच अंतर किया जाना आवश्यक है। आरक्षण का लाभ बार-बार उन्हीं सक्षम परिवारों तक सीमित न रहे, बल्कि उन गरीब परिवारों तक पहुंचे जिनके बच्चे शिक्षा, रोजगार और बेहतर जीवन के अवसरों से वंचित हैं। मिश्रा ने कहा कि सवर्ण समाज आरक्षण समाप्त करने की मांग नहीं कर रहा, बल्कि आरक्षण व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण और प्रभावी बनाने की मांग कर रहा है।

## युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी

**जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत भटरिया मोहल्ला में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक पूरन ठाकुर 52 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 9 मझौली ने सूचना दी कि भटरिया मोहल्ला मझौली में उसके जीजा बाबूलाल ठाकुर अपने बेटे केशव खंगार ठाकुर के साथ रहते हैं। सोमवार सुबह लगभग 9-30 बजे वह घर पर था तभी उसकी भनेजन विनीता ने फोन कर बताया कि भाई केशव खंगार ने फांसी लगा ली है तो वह जीजा के घर पहुंचा देखा लोगों की भीड़ लगी थी भनेज केशव खंगार 26 वर्ष ने कमरे के अंदर छत में लगे पंखे के कुंदे में लायनोल की रस्सी से फांसी लगाकर लटका हुआ था जिसकी मौत हो चुकी थी ।

# टोरेंट पावर के खिलाफ याचिका खारिज

## रक्सा-कोलमी परियोजना को लेकर आपत्तियों पर एनजीटी का फैसला

**अनूपपुर, नवभारत 25 अगस्त।** रक्सा-कोलमी में निर्माणाधीन टोरेंट पावर परियोजना को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी), सेंट्रल जोन बेंच भोपाल में चल रहे मामले में कंपनी के पक्ष में महत्वपूर्ण न्यायिक आदेश सामने आया है।

बुद्धसेन राठौर द्वारा दायर याचिका को एनजीटी ने 12 अगस्त को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया। बुद्धसेन राठौर ने अपनी याचिका में टोरेंट पावर लिमिटेड सहित अन्य पक्षकारों को शामिल करते हुए रक्सा-कोलमी परियोजना के निर्माण और उससे जुड़े विभिन्न कार्यों पर आपत्तियां एवं आरोप लगाए थे। याचिका के माध्यम से न्यायाधिकरण से मामले में हस्तक्षेप की मांग की गई थी।

### न्यायिक स्तर पर स्थिति स्पष्ट हुई



मामले की सुनवाई के दौरान टोरेंट पावर सहित संबंधित पक्षों की ओर से न्यायाधिकरण के समक्ष अपना पक्ष और उपलब्ध दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। दोनों पक्षों की दलीलों तथा उपलब्ध रिकॉर्ड पर विचार करने के बाद एनजीटी ने आवेदन को खारिज कर दिया। याचिका खारिज होने के बाद रक्सा-कोलमी परियोजना को लेकर एनजीटी के समक्ष उठाई गई आपत्तियों पर न्यायिक स्तर पर स्थिति स्पष्ट हुई है। आदेश के बाद परियोजना से जुड़े पक्षों के लिए यह घटनाक्रम अहम माना जा रहा है।



# कार्यकर्ताओं ने पुलिस जवानों को बांधा रक्षा सूत्र

**अमरकंटक/राजेंद्रग्राम नवभारत 25 अगस्त।** पवित्र नगरी अमरकंटक से लगभग चालीस किलोमीटर दूर राजेंद्रग्राम में रक्षाबंधन के पावन पर्व से पूर्व एकल अभियान अंचल के तहत पुष्पराजगढ़ के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रसेवा और सम्मान की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करते हुए पुलिस थाना राजेंद्रग्राम पहुंचकर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं जवानों को रक्षा सूत्र बांधा गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का आयोजन एकल अभियान की मासिक बैठक के अंतर्गत किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुलिसकर्मियों को रक्षासूत्र बांधकर उनके स्वस्थ, सुरक्षित एवं सफल जीवन की कामना की। एकल अभियान के पदाधिकारी नर्मदा प्रसाद शुक्ला ने कहा कि पुलिस विभाग दिन-रात नागरिकों की सुरक्षा में तत्पर रहता है।

**पौधरोपण** ▶ हरियाली के संकल्प के साथ एसईसीएल में किया गया वृहद पौधरोपण, फलदार पौधों का भी किया रोपण

# प्रकृति संरक्षण के साथ लक्ष्य के प्रति समर्पण जरूरी : न्यायाधीश

**जमुना-कोतमा नवभारत 25 अगस्त। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश रावेन्द्र सोनी के नेतृत्व में एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र में वृहद पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में पीएलबी संजय साहू, संतोष चौरसिया, पत्रकार रेखा मिश्रा, राधा सिंह सहित एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे



## महाप्रबंधक कार्यालय के सामने किया पौधरोपण

पौधरोपण अभियान की शुरुआत एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के सामने पौधे लगाकर की गई। इस दौरान न्यायाधीश रावेन्द्र सोनी सहित उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। अभियान में फलदार पौधों के साथ अशोक, पीपल सहित अन्य उपयोगी एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए गए।

## हायर सेकेंडरी स्कूल में किया पौधरोपण

पौधरोपण अभियान के तहत जमुना कॉलोनी हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में भी व्यापक स्तर पर पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्राचार्य अवध राज सिंह सोलंकी सहित शिक्षक एवं स्टाफ ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर न्यायाधीश रावेन्द्र सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है।

### पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी : महाप्रबंधक

एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है उन्होंने कहा कि पौधा लगाना पहला कदम है, लेकिन उसकी नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष के रूप में विकसित करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है।